Roll. No. ........................

O.M.R. Serial No. | | | | | | | | |

| Question Booklet Number |
|---|
| 100117 |

# DIPLOMA (SEM.-II) EXAMINATION, 2024-25

## PRAKRIT LANGAUGE CERTIFICATE

## ( Sub. Code : CPL-01 )

| Paper Code | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| C | C | P | L | 2 | 0 | 2 | T |

| Question Booklet Series |
|---|
| A |

**Time : 2 : 00 Hours** **Max. Marks : 75**

**Instructions to the Examinee :**

1. Do not open the booklet unless you are asked to do so.
2. The booklet contains 75 questions. Examinee is required to answer all 75 questions in the OMR Answer-Sheet provided and not in the question booklet. All questions carry equal marks.
3. Examine the Booklet and the OMR Answer-Sheet very carefully before you proceed. Faulty question booklet due to missing or duplicate pages/questions or having any other discrepancy should be got immediately replaced.
4. Four alternative answers are mentioned for each question as - A, B, C & D in the booklet. The candidate has to choose the correct / answer and mark the same in the OMR Answer-Sheet as per the direction :

*(Remaining instructions on last page)*

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

1. प्रश्न-पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक आपसे कहा न जाए।
2. प्रश्न-पुस्तिका में 75 प्रश्न हैं। परीक्षार्थी को सभी 75 प्रश्नों को केवल दी गई OMR आन्सर-शीट पर ही हल करना है, प्रश्न-पुस्तिका पर नहीं। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रश्नों के उत्तर अंकित करने से पूर्व प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR आन्सर-शीट को सावधानीपूर्वक देख लें। दोषपूर्ण प्रश्न-पुस्तिका जिसमें कुछ भाग छपने से छूट गए हों या प्रश्न एक से अधिक बार छप गए हों या उसमें किसी अन्य प्रकार की कमी हो, उसे तुरन्त बदल लें।
4. प्रश्न-पुस्तिका में प्रत्येक प्रश्न के चार सम्भावित उत्तर- A, B, C एवं D हैं। परीक्षार्थी को उन चारों विकल्पों में से सही उत्तर छाँटना है। उत्तर को OMR उत्तर-पत्रक में सम्बन्धित प्रश्न संख्या में निम्न प्रकार भरना है :

*(शेष निर्देश अन्तिम पृष्ठ पर)*

1. भारहदेसस्स पायीणो लिवि णाम किं अत्थि?

(A) खरोष्ठी

(B) चित्रलिपि

(C) ब्राह्मी लिपि

(D) चित्रलिपि और ब्राह्मी लिपि

2. ब्राह्मी लिपि में किस राजा के अभिलेख प्राप्त होते हैं?

(A) सम्राट अशोक

(B) स्कन्दगुप्त

(C) समुद्रगुप्त

(D) राजा प्रवरसेन

3. भारत में कागज का अविष्कार कब हुआ था?

(A) चौथी तीसरी ई.पू.

(B) पंचमी ईस्वी

(C) प्रथम ईस्वी

(D) द्वितीय ई.पू.

4. "भोजपत्र" को संस्कृत में क्या कहते हैं?

(A) पत्र

(B) भोजपत्र

(C) भुर्जम्

(D) लेख्यपत्र

5. देवं शब्द में कौन-सी विभक्ति है?

(A) प्रथमा बहुवचन

(B) तृतीय एकवचन

(C) चतुर्थी बहुवचन

(D) द्वितीया एकवचन

6. भारत में भोजपत्र कहाँ पर प्राप्त होते हैं?

(A) बिहार

(B) उत्तराखंड

(C) हिमालय

(D) नीलगिरी पहाड़ी

7. भोजवृक्ष की कितनी जातियाँ होती हैं?

(A) 2

(B) 5

(C) 6

(D) 15

8. त्रिपिटक का लेखन किस पर किया गया है?

(A) भोजपत्र

(B) ताडपत्र

(C) कागज

(D) ताम्रपत्र

9. ताडपत्र कितने प्रकार के होते हैं?

(A) दो

(B) पाँच

(C) सात

(D) दस

10. प्रमेयकमलमार्तण्ड की ताडपत्र लिपि कहाँ पर प्राप्त होती है?

(A) पाटन

(B) अंकलेश्वर

(C) भोजपुर

(D) बनारस

11. “रामो गच्छइ” का हिन्दी अनुवाद क्या होगा?

(A) राम जाएगा

(B) राम गया

(C) राम जाता है

(D) राम जावेगा

12. मूडबिद्री मठ में कौन-सी पांडुलिपि रखी हुई है?

(A) धवला, महाधवला एवं महापुराण

(B) आदिपुराण और पद्मपुराण

(C) धवला, महाधवला एवं जयधवला

(D) समयसर

13. पांडुलिपि विज्ञान क्या है?

(A) सामाजिक विज्ञान

(B) गृह विज्ञान

(C) पालियोग्राफी

(D) भाषा विज्ञान

14. ग्रन्थ रचना में पहला पक्ष क्या है?

(A) लेखक

(B) कलम

(C) पुस्तक

(D) डायरी

15. प्राचीन काल में ईट, पत्थरों पर किस विधि द्वारा लिखा जाता था?

(A) टंकण विधि

(B) छापे विधि

(C) लेखन विधि

(D) गोदन विधि

16. छापे विधि के द्वारा किस पर लिखा जाता है?

(A) पत्थर पर

(B) कपड़े पर

(C) कागज पर

(D) भोजपत्र पर

17. टंकण विधि द्वारा किस पर लिखा जाता है?

(A) पत्थर पर

(B) कपड़े पर

(C) कागज पर

(D) भोजपत्र पर

18. “मैनुस्क्रिप्ट” क्या है?

(A) हस्तलिखित पाण्डुलिपि

(B) गृह विज्ञान

(C) लिपि विज्ञान

(D) भाषा विज्ञान

19. “पाण्डुलिपि” कितने प्रकार की होती हैं?

(A) 5

(B) 2

(C) 8

(D) 1

20. “कार्यालयीय नत्थियाँ” किस प्रकार की पाण्डुलिपि हैं?

(A) राजकीय

(B) लौकिक

(C) लौकिक और राजकीय

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

21. "लिप्यासन" के आधार पर पाण्डुलिपि का वर्गीकरण किया गया है :

(A) दो

(B) तीन

(C) पाँच

(D) दस

22. निम्नलिखित में से कोमल लिप्यासन लिपि कौन-सी है?

(A) पाषाणीय

(B) ताम्रपत्री

(C) सीप दन्तिय

(D) भोजपत्रिय

23. मृण्मय अभिलेख है :

(A) पाषाणीय

(B) ताम्रपत्री

(C) ईट

(D) भोजपत्रिय

24. "निशीथचूर्णी" में पुस्तकों के कितने प्रकार बताये गये हैं?

(A) दो

(B) तीन

(C) पाँच

(D) दस

25. पाषाणीय लेख है?

(A) स्तम्भीय

(B) ताम्रपत्रीय

(C) स्वर्णपत्रीय

(D) भोजपत्रीय

26. ब्राह्मी लिपि किस दिशा में पढ़ी जाती है?

(A) दाएँ से बाएँ

(B) बाएँ से दाएँ

(C) ऊपर से नीचे

(D) नीचे से ऊपर

27. ब्राह्मी लिपि से किस लिपि का विकास हुआ?

(A) चित्रलिपि

(B) देवनागरी

(C) नागरी

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

28. अशोक के शिलालेखों की कौन-सी भाषा है?

(A) संस्कृत

(B) प्राकृत

(C) पालि

(D) मगधी

29. हाथीगुम्फा शिलालेख कहाँ स्थित है?

(A) बिहार

(B) ओडिशा

(C) उत्तर प्रदेश

(D) गुजरात

30. भगवान ऋषभदेव पर सबसे प्राचीन अभिलेख कहाँ पर प्राप्त होता है?

(A) हाथीगुफा

(B) उदयगिरि

(C) गिरनार

(D) खंडगिरि

31. भगवान ऋषभदेव ने ब्राह्मी पुत्री को कौन-सी लिपि सिखाई?

(A) चित्रलिपि

(B) देवनागरी लिपि

(C) नागरी लिपि

(D) ब्राह्मी लिपि

32. अशोक के लेखों में प्रयुक्त "धम्म" शब्द किसे दर्शाता है?

(A) युद्ध

(B) धर्म

(C) कर संग्रह

(D) विजय

33. रूद्रदामन का शिलालेख कहाँ प्राप्त हुआ है?

(A) गिरनार

(B) सोहगौरा

(C) नासिक

(D) सारनाथ

34. उदयगिरी खंडगिरी के शिलालेखों की लिपि कौन-सी मानी गयी है?

(A) चित्रलिपि

(B) खरोष्टी

(C) नागरी

(D) ब्राह्मी

35. सम्राट अशोक के गिरनार पर्वत के शिलालेख में वर्णन मिलता है :

(A) प्राणी हत्या का

(B) कलिंग युद्ध का

(C) शांति, समन्वय और जीव रक्षा का

(D) धर्म के प्रचार का

36. "अलं बालस्स संगेणे" इस सूक्ति के अनुसार किसके संग नहीं रहना चाहिए?

(A) साधु

(B) सज्जन

(C) बालक

(D) अज्ञानी

37. "अण्णाणमयो जीवो कम्माणं कारगो होदि" इस सूक्ति के अनुसार कर्मो का कर्त्ता कौन है?

(A) ज्ञानी जीव

(B) सज्जन जीव

(C) बालक

(D) अज्ञानी जीव

38. "धम्मो मंगलमुक्किठ्ठ, अहिंसा संजमो तवो।

देवा वि तं नमंसंति जस्स धम्मे सया मणो"

उक्त गाथा के अनुसार देव किसे नमन करते हैं?

(A) जो आग के पास बैठकर तप करता है

(B) जो नाम के लिए धर्म करता है

(C) जिसके हृदय में धर्म निवास करता है

(D) जो उनको प्रसन्न करता है

39. धर्म के कितने भेद हैं?

(A) दस

(B) पाँच

(C) दो

(D) एक

40. "……… धम्मोसहावो" उक्त खाली स्थान पर सही शब्द का चुनाव कर भरिए।

(A) वत्थु
(B) रक्खणं
(C) रयणत्तयं
(D) खमादिभाव

41. अरहंतभासियत्थं, गणहरदेवेहिं गंथियं सम्मं।
पणमामि भत्तिजुत्तो, सुदणाणमहोदहिं सिरसा"
उक्त गाथा में तृतीय विभक्ति कितने स्थान पर है?

(A) दो (B) तीन
(C) एक (D) चार

42. "अरहंतभासियत्थं, गणहरदेवेहिं गंथियं सम्मं।
पणमामि भत्तिजुत्तो, सुदणाणमहोदहिं सिरसा"
उक्त गाथा में श्रुतज्ञान महोदहि किसे कहा गया है?

(A) मुनि
(B) आचार्य
(C) सिद्ध
(D) अरहंत

43. अरहंत भगवान की वाणी किसके द्वारा गूंथी गयी है?

(A) मुनि
(B) आचार्य
(C) गणधर
(D) पंडित जी

44. संस्कृत भाषा में कौन-सा ग्रन्थ लिखा गया?

(A) लब्धिसार
(B) तत्त्वार्थ सूत्र
(C) समयसार
(D) प्रवचनसार

45. "सुदुल्लहा सव्वपिया सुवाणी, अंतं भवे आउ कलंकहीणो" संसार में दुर्लभ क्या है?

(A) उपदेश
(B) प्रवचन
(C) जन्म
(D) मधुर वाणी और कलंक रहित जीवन

46. "कुल कुपुत्तो समणं च गंथो, रायं कुमंत विउलो पवासो।
णेह तहा सव्व धणं पसादो, दुट्ठाण मित्ति मलहीण सीलं।" कुपुत्र किसे नष्ट करता है?

(A) ग्रन्थ
(B) जीवन
(C) राजा
(D) कुल

47. "णेह तहा सव्व धणं पसादो, दुट्ठाण मित्ति मलहीण सीलं।" प्रमाद क्या नष्ट हो जाता है?

(A) धन
(B) प्रेम
(C) मित्रता
(D) शील

48. "कुल कुपुत्तो समणं च गंथो, रायं कुमंत विउलो पवासो" राजा की बुद्धि कौन दूषित कर देता है?

(A) पुरोहित
(B) सेवक
(C) कुमंत्री
(D) रानी

**निर्देशः** प्रश्न संख्या 49 से 58 तक प्राकृत गद्य को पढ़कर उत्तर दीजिए :

सुरदेसस्स पाडलिपुत्तणवरे राओ जसोहरी वरिवट्टइ। तस्स राणी णाम सुसीमा। तेसिं सुवीरो णाम पुत्तो अत्थि। पुत्तो संत्तविसणेसु संलग्गो अच्छइ। सो खु चोरपुरिसेहिं सेविदो हरिसइ। कदाचि तेण सुणिदं-'पुव्वगोडदेसस्स तम्मलित्तिणयरीए जिणिंदभत्तो णाम सेट्ठी णिवसह। तस्स सत्तखण्डपासादस्स उवरि अणेयकोट्टवालेहि रक्खिदा सिरिपारसणाह-जिणिदस्स पडिमा अत्थि। ताए उवरि छत्तत्तएसु अणग्घवेडूरिअमणिविसेसो लग्गेदि।' सुवीरेण चोरपुरिसा पुच्छिदा किं कोवि मणिं लाउ समत्थोत्थि? सुरियणामचोरी बोल्लेदि उच्चसरेण एअम्मि किं विसिट्ट? हं तु इंदस्स मउडे चिट्ठमाणमणिं वि गहिंदु सक्केइ। एवं कहिय सो तत्तो णिग्गदो। कवडेण खुल्लयभेसं धरिदूण कायकिलेसतवेण सव्वत्थ गामणयरेसु खोहं कुणतो तम्मलित्तणयरीए समागदो। अइपसंसाए खोहं पत्तेण सेट्ठिणा जदा तव्विसए सुदं तदा तत्थ गओ। दंसणं किच्चा वंदिता वत्तालावं च करिय खुल्लयं सगगहे आणेज्ज। पासदेवस्स दंसणं काराविदा। तत्थेव ठादु पत्थणा कदा। अणिच्छंतो वि मायाए सेट्ठी मणिरक्खियत्तेण तं णिउंजेदि। एयस्सिं दिवसे खुल्लयं णिवेदिय सेट्ठी समुद्दजत्ताए पट्ठिदवंती। णयरत्तो बहि गंतूण सो ठादि। मज्झरत्तीए मणिं गहिय चोरखुल्लओ गच्छा। मणिपयासेहि मग्गे गच्छंतो सो कोट्टवालेहिं दिट्ठो। ते तं गहिदु पच्छा लग्गंति। मे ण दाणिं को वि सरण त्ति चिंतिय सो सेट्ठस्स सरणं पावेदि। रक्खहि रक्खहि त्ति भासिदं। कोट्टवालाणं सद्द सुणिय सेट्ठी पुव्वावरवियारेण बोल्लइ मे कहतेणेव एदं रयणं एत्थ आणेइ। तुम्हेंहिं महावराहो को जं एवंविहतवस्सिणो चोरो ति घोसिदी। सेट्ठिवयणं पमाणं किच्चा ते कोट्टवाला पुणो पडिणिजंति। सेट्ठण रत्तीए चोरो अण्णत्थ पेसिदो। एवंपयारेण सम्मादिट्ठीहि बालासमत्थजणकारणेण मोक्खमग्गम्मि जणिददोसो णिवारेदव्वो।

49. राजा यशोधर किस नगर में रहते थे?
(A) पाटलिपुत्र
(B) ताम्रलिप्त
(C) राजगृह
(D) काशीनगरी

50. राजा यशोधर की रानी का नाम क्या था?
(A) सुसीमा
(B) यशोधरा
(C) सुवीरा
(D) सुशीला

51. ताम्रलिप्त नगरी में कौन निवास करता था?
(A) जिनेन्द्रभक्त सेठ
(B) राजा यशोधर
(C) सुवीर
(D) सूर्य नाम का चोर

52. सुवीर को क्या लाने में रुचि थी?
(A) श्रीपार्श्वनाथ जिनेन्द्र की प्रतिमा पर लगा अनर्घ्य वैडूर्यमणि
(B) राजा यशोधर का मुकुट
(C) जिनेन्द्रभक्त सेठ का धन
(D) रानी सुसीमा के आभूषण

53. किस चोर ने मणि लाने का दावा किया?
(A) सूर्य
(B) सुवीर
(C) क्षुल्लक
(D) कोट्टपाल

54. ताम्रलिप्त नगरी में चोर किस वेश में पहुँचा?
(A) कपट से क्षुल्लक वेश धारण करके
(B) एक सैनिक के वेश में
(C) एक व्यापारी के वेश में
(D) एक सामान्य नागरिक के वेश में

55. जिनेन्द्रभक्त सेठ ने चोर क्षुल्लक को कहाँ रहने के लिए कहा?
(A) सेठ के घर श्रीपार्श्वनाथ जिनेन्द्र की प्रतिमा के पास
(B) नगर के बाहर
(C) एक सराय में
(D) किसी मन्दिर में

56. सेठ एक दिन कहाँ के लिए प्रस्थान किये?
(A) समुद्र की यात्रा के लिए
(B) व्यापार के लिए
(C) तीर्थयात्रा के लिए
(D) राजा से मिलने के लिए

57. मार्ग में जाते हुए चोर को कोट्टपालों ने कैसे देखा?
(A) मणि के प्रकाश में
(B) कोट्टपालों की सतर्कता से
(C) चोर की आवाज से
(D) सेठ की जानकारी देने से

58. कोट्टपालों से चोर को बचाने के लिए सेठ ने क्या कहा?
(A) रत्न उसी के कहने से यहाँ लाया गया है
(B) उसने कोट्टपालों को रिश्वत दी
(C) उसने चोर को छिपा दिया
(D) उसने राजा को बुलाया

59. ब्राह्मी लिपि को सर्वप्रथम किसने पढ़ा?

(A) जेम्स प्रिन्सेप

(B) मैक्समूलर

(C) अलबरूनी

(D) मोदी

60. ब्राह्मी लिपि की खोज किसने की?

(A) जेम्स प्रिन्सेप

(B) चाणक्य

(C) कलिंघम

(D) मोदी

61. ब्राह्मी लिपि का कौन-सा चिह्न "क" वर्ण को दर्शाता है?

(A) +

(B) C

(C) O

(D) u

62. ब्राह्मी लिपि का कौन-सा चिह्न "ठ" ध्वनि के लिए प्रयुक्त है?

(A) +

(B) C

(C) O

(D) L

63. ब्राह्मी लिपि में 'म' अक्षर का संकेत कैसा है?

(A) त्रिकोणाकार

(B) गोलाकार बंद आकृति

(C) सीधे रेखीय आकार

(D) घुमावदार

64. ब्राह्मी लिपि का कौन-सा चिह्न "ब" ध्वनि के लिए प्रयुक्त है?

(A) .

(B) C

(C) O

(D) L

65. ब्राह्मी लिपि का कौन-सा चिह्न "उ" ध्वनि के लिए प्रयुक्त है?

(A) +

(B) .

(C) O

(D) L

66. निम्नलिखित में से कौन-सा लिपि का भेद नहीं है?

(A) ब्राह्मी

(B) चित्रलिपि

(C) देवनागरी

(D) संस्कृत

67. चीनी भाषा का विकास किस लिपि में माना जाता है?

(A) ब्राह्मी

(B) फोनेशियन

(C) चित्रलिपि

(D) ब्रेललिपि

68. "कोक्कइ" का हिन्दी अर्थ होता है :

(A) बुलाना

(B) बोलना

(C) सुनना

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

69. प्राकृत में भूतकाल में कौन-सा प्रत्यय होता है ?

(A) न्ति

(B) ईअ

(C) उ

(D) मि

70. "लिहामि" किस काल का धातु क्रिया है?

(A) भूतकाल

(B) भविष्य

(C) विधिआज्ञा

(D) वर्तमान

71. "बालक ने पुस्तक लिखी" प्राकृत भाषा में अनुवाद क्या होगा?

(A) बालओ पोत्थअं लिहीअ

(B) बालएण पोत्थअं लिहीअ

(C) बालएण पोत्थअं लिहइ

(D) बालओ पोत्थअं लिहिहइ।

72. "रामो रथेन उज्जाणं गच्छइ" का हिन्दी अनुवाद होगा :

(A) रामो रथ से उद्यान गया

(B) राम रथ से उद्यान जायेगा

(C) राम रथ से उद्यान जा

(D) राम रथ से उद्यान जाता है

73. "संण्णास्स ठाणे जो आगच्छइ तस्स णाम किं"?

(A) क्रिया

(B) विशेषण

(C) कारक

(D) सर्वनाम

74. "लोयग्गठिदा णिच्चा उप्पादवएहिं संजुत्ता" उत्तम्मि पंत्तिम्मि तिया विभक्ति कम्मि अत्थि?

(A) लोयग्गठिदा

(B) णिच्चा

(C) उप्पादवएहिं

(D) संजुत्ता

75. "अट्ठगुणा" संक्कयस्स रूवं किं अत्थि?

(A) आठ गुण

(B) अस्टगुण

(C) अष्टगुण

(D) आठ गुण होते हैं